राजभाषा अनुभाग के वार्षिक क्रियाकलाप(2023-24)-

1. प्रत्येक तिमाही में राजभाषा कार्यान्वयन के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्ट को तैयार कर तिमाही के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया जाता है एवं अनुपालन रिपोर्ट मुख्यालय अग्रेषित की जाती है।
2. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक में सम्मिलित होना तथा लिए गए निर्णयों को कार्यालय में प्रभावी रुप से लागू करना।
3. कार्यालय के विभिन्न अनुभागों का राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी निरीक्षण करना एवं सुधारात्मक निर्देश जारी करना।
4. राजभाषा विभाग द्वारा दिए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों जैसे टंकण,पारंगत प्रशिक्षण आदि के लिए कर्मियों को नामित कर प्रशिक्षण के लिए भेजना।
5. राजभाषा के क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार हेतु कार्यशालाओं, पुस्तक प्रदर्शनी आदि का आयोजन करना तथा राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिए कार्यालयीन सूचना पट्ट पर नियमित रुप से आज का शब्द/वाक्य एवं माह के साहित्यकार का उल्लेख करना।
6. राजभाषा के क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार हेतु गृह पत्रिका (अक्षर), कार्यशाला, पुस्तकालय आदि से संबन्धित विभिन्न क्रियाकलाप।
7. कार्यालय के राजभाषा अनुभाग मे एक हिन्दी पुस्तकालय का संचालन होता है जिसमें प्रत्येक वर्ष नई पुस्तकों का समावेश होता है। पुस्तकों में साहित्यिक, ऐतिहासिक, सामाजिक उपन्यास कहानियॉ, बच्चो के लिये उपयोगी पुस्तकें, कविता गजल, हास्य व्यंग्य, कार्यालय के कामकाज में उपयोगी पुस्तकें, स्वास्थ्य संबंधी शब्दकोश आदि हैं। इन विषयों से संबंधित साहित्यिक जगत के प्रतिष्ठित लेखकों के साथ ही उदीयमान लेखकों की भी रचनाएं है जिनका उपयोग सुधी पाठकजन अपनी सुविधानुसार कर सकते है।
8. हिंदी दिवस एवं पखवाड़े का आयोजन।

   राजभाषा विभाग एवं मुख्यालय कार्यालय के दिशा निर्देशानुसार इस कार्यालय में हिंदी दिवस/ पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2023 में हिंदी पखवाड़े का आरंभ हिंदी दिवस दिनांक 14.09.2023 को पुणे मे राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन से हुआ और प्रधान महालेखाकार (ले.प.)- I महाराष्ट्र, मुंबई कार्यालय में दिनांक 18.09.2023 से 03.10.2023 तक हिंदी दिवस/ पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे अनुवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।